दिनांक : 27.04.2024 समय : 07.10 pm

आकाशवाणी

मुख्य समाचार :–

- लोकसभा चुनाव के तीसरे और चौथे चरण के लिए प्रचार जोरों पर, भाजपा, कांग्रेस के नेताओं ने चुनावी सभाएं लीं
- मतदान को बढ़ाने के लिए चलें बूथ की ओर अभियान चलाया जाएगा
- तीसरे और चौथे चरण वाली सीटों पर मतदान जागरूकता के लिए वाहन रैली, ष्पथ कार्यक्रमों का आयोजन
- एम्स भोपाल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कैंसर के बढ़ते मामलों को देखते हुए जागरूकता पर जोर

.............

चुनाव प्रचार

प्रदेष में तीसरे और चौथे चरणों के लिए इस समय चुनाव प्रचार पूरे जोरों पर है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने करैरा में चुनावी सभा में किसानों सहित प्रदेष के सभी वर्गो के लिए भाजपा सरकार के कामों को गिनाया। वे कल आगरमालवा जिले के सुसनेर में राजगढ़ लोकसभा सीट के भाजपा प्रत्याषी रोड़मल नागर के समर्थन में चुनावी सभा करेंगे। इस सीट पर कांग्रेस से पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह मैदान में हैं। केंद्रीय मंत्री एवं गुना–शिवपुरी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याषी ज्योतिरादित्य सिंधिया ने षिवपुरी विधानसभा क्षेत्र के रायश्री, खराई एवं रननोद गांव में जनसभाओं में कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि 65 साल सत्ता में रहने के बाद भी कांग्रेस कुछ नहीं कर पाई। 10 साल में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश को विकास के पथ पर आगे बढ़ाया है। मुख्यमंत्री ने आज शिवपुरी एवं गुना भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने पन्ना व भोपाल, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने देवास, केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया शिवपुरी और उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मोर्य ने भिण्ड, दतिया व ग्वालियर में प्रचार किया।

उधर,कांग्रेस के प्रचार की शुरुआत 30 अप्रैल को भिंड से राहुल गांधी करेंगे। श्री गाँधी भिंड में कांग्रेस प्रत्याशी फूलसिंह बरैया के पक्ष में आमसभा करेंगे। 2 मई को कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी मुरैना में आमसभा करेंगी। चौथे चरण की सीटों पर राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट का एक और दौरा प्रस्तावित है। वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और अन्य कांग्रेसी नेताओं ने आज भिण्ड, दतिया और ग्वालियर में संयुक्त रूप से प्रचार किया।

उधर भाजपा प्रदेष अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने पन्ना के होटल में पत्रकार–वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्राथमिकता देश के गरीब हैं, लेकिन कांग्रेस की प्राथमिकता एक विशेष समुदाय है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के खतरनाक इरादों और देश की जनता के बीच मोदी सरकार एक दीवार बनकर खड़ी है। वहीं कांग्रेस प्रवक्ता कुणाल चौधरी ने पत्रकार वार्ता में कहा कि प्रदेष में दो चरणों में कम मतदान बताता है कि भाजपा के खिलाफ महिलाओं में निराशा और नाराजगी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के न्याय पत्र में दिशा भी है और दृष्टि भी।

बूथ अभियान

प्रदेश में तीसरे और चौथे चरण का मतदान 7 मई और 13 मई को होने जा रहा है। मतदान प्रक्रिया में अधिक से अधिक लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने चलें बूथ की ओर अभियान प्रत्येक मतदान केन्द्र पर चलाया जाएगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने यह निर्देश संबंधित जिलों के जिला निर्वाचन अधिकारियों को दिये हैं। श्री राजन ने कहा कि तीसरे चरण के लिये यह अभियान एक मई एवं चौथे चरण के लिये 7 मई को चलाया जाएगा। साथ ही मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अन्य आयोजन भी करें। तीसरे चरण में प्रदेश के 9 लोकसभा क्षेत्रों में मतदान होना है। इसके अंतर्गत आने वाले 20 हजार 456 मतदान केंद्रों पर यह अभियान चलाया जाएगा। चौथे चरण में प्रदेश के 8 लोकसभा क्षेत्रों के 18 हजार 7 मतदान केंद्रों पर यह अभियान चलाया जाएगा।

जनता की आवाज–आकाशवाणी के साथ

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी मध्यप्रदेश द्वारा लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए 'जनता की आवाज– आकाशवाणी के साथ' नामक एक ख़ास कार्यक्रम शुरू किया गया है... इसमें हम आम लोगों द्वारा वोट डालने के लिए की जा रही अपील को शामिल कर रहे हैं, जिससे अन्य श्रोता भी मतदान के लिए प्रेरित हो। आप भी अपनी आवाज़ में मतदान के महत्व पर केन्द्रित अधिकतम 40 सेकेण्ड का एक बढ़िया सा वीडियो सन्देश रिकार्ड करिए और हमारे वॉट्सएप नंबर 94065 23035 पर अपने और अपने स्थान के नाम के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को प्रतिदिन समाचारों के साथ प्रसारित करेंगे...और हाँ, आप भी मतदान अवश्य करिए।

मतदाता जागरूकता

प्रदेष में मतदान प्रतिषत बढ़ाने के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। बैतूल में अधिक मतदान के लिए मतदाता जागरूकता संदेश के साथ 21 वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। शिवपुरी जिले में जिला निर्वाचन अधिकारी रवींद्र कुमार चौधरी ने करैरा में बैठक में मतदाताओं को घर–घर जाकर मतदाता पर्ची का वितरण करने को कहा है। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत आज देवास में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं महिलाओं द्वारा फुलों से मतदाता जागरूकता संबंधी रंगोली बनाई तथा सभी ने शत–प्रतिशत मतदान करने की शपथ ली। नीमच में आशा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पंचायत सचिव रोजगार सहायक एवं ग्राम स्तरीय अमला 1 से 10 मई तक गांव गांव घर–घर जाकर मतदाताओं को पीले चावल देकर मतदान के लिए आमंत्रित करेगा। नीमच जिले के रतनगढ़ में प्रशासन द्वारा नगर परिषद रतनगढ़ एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से शनिवार को मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई । रैली के समापन अवसर पर कलेक्टर ने मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई और वरिष्ठ मतदाताओं का सम्मान भी किया। खंडवा नगर निगम की स्वच्छता मित्र महिलाओं ने आज मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में मेहंदी लगाकर मतदान दिवस पर अधिक से अधिक मतदान किए जाने का संदेश दिया। आगरमालवा जिले के सुसनेर में जिला पंचायत कार्यपालन अधिकारी हरसिमरनप्रीत कौर ने मतदाता जागरूकता समूह की बैठक में लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने की अपील की। मुरैना में वॉकेथान निकाला गया।

लोकसभा सीट भोपाल

देश की प्रमुख लोकसभा सीटों की श्रृंखला में आइए आज बात करते हैं मध्य प्रदेश की भोपाल लोकसभा सीट के बारे में। भोपाल ने देश को पूर्व राष्ट्रपति डा. शंकर दयाल शर्मा, स्वतंत्रता सेनानी मैमूना सुल्तान, आरिफ बेग और उमा भारती जैसे दिग्गज सांसद दिए हैं।

मध्य प्रदेश की राजधानी और अपने तालाबों के लिए विख्यात भोपाल लोकसभा सीट भाजपा का अभेद गढ़ है. इसे नवाबों का शहर भी कहा जाता है. भोपाल में 1957 से 1984 तक 2 7 साल तक कांग्रेस का दबदबा रहा है लेकिन 1989 से यहाँ भाजपा का कब्ज़ा है. हालाँकि, नवाब पटौदी, सुरेश पचौरी और मप्र के मुख्यमंत्री रहे दिग्विजय सिंह जैसे कद्दावर नेताओं को उम्मीदवार बनाने के बाद भी कांग्रेस भोपाल में फिर चुनाव नहीं जीत पाई है। भोपाल लोकसभा सीट में कुल 8 विधानसभा सीटें हैं जिनमें से 6 भाजपा और 2 विधानसभा सीटें कांग्रेस के पास हैं. भोपाल लोकसभा सीट के लिए कुल 22 उम्मीदवार मैदान में हैं। भाजपा ने भोपाल के महापौर रहे आलोक शर्मा को उम्मीदवार बनाया है जबकि कांग्रेस ने अरुण कुमार श्रीवास्तव को टिकट दिया है. भोपाल लोकसभा सीट में 23 लाख से अधिक मतदाता हैं. जिनमें करीब 11 लाख 91 हजार से ज्यादा पुरुष और लगभग 11 लाख 27 हजार से ज्यादा महिलाएं शामिल हैं. 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा की साध्वी प्रज्ञा ठाकुर ने कांग्रेस के दिग्गज नेता और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को करीब साढ़े तीन लाख वोटों से हराया था.

—संजीव शर्मा, आकाशवाणी समाचार, भोपाल

कैंसर जागरूकता

एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रोफेसर अजय सिंह ने देश में बढ़ते हुए कैंसर के मामलों को देखते हुए जागरूकता लाने पर जोर दिया है। उन्होंने एम्स के कैंसर जागरूकता कार्यक्रम में महिलाओं में विशेष रूप से सर्वाइकल कैंसर की समस्या से निपटने के लिए एचपीवी टीकाकरण को बहुत ही आवश्यक बताया है। उन्होंने अस्पताल के बाहर निकलकर समुदाय में लोगों के बीच जाकर उन्हें स्वास्थ्य की जानकारी देने पर बल देते हुए कहा है कि तभी हम सही मायने में लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक कर पाएंगे।

समाचार संक्षेप में :—

1. एनयूएलएम योजना के सफल क्रियान्वयन में आगरमालवा नगर पालिका ने प्रदेष में प्रथम स्थान हांसिल किया है।
2. बैतूल जिले में विधानसभा चुनाव में सर्वाधिक मतदान के लिए अधिकारियों को प्रशंसा पत्र प्रदान किये गये।
3. देवास में आज महात्मा गांधी जिला चिकित्सालय देवास में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

नमस्कार।